






# शहर की चौपट हुई यातायात व्यवस्था, जाम में फंसी रही एम्बुलेंस

## बगैर डीएसपी के चल रहा यातायात थाना, एक साल बाद भी नहीं हुई पदस्थापना, जाम से नहीं मिल रही निजात




**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 नवम्बर, शहर का लगातार विकास हो रहा है वाहनो की संख्या बढ़ने के साथ सड़को पर दबाव भी बढ़ रहा है. लेकिन यातायात व्यवस्था पुराने ढर्रे पर चल रही है, ऐसा कोई दिन नही जब जाम न लगे. एम्बुलेंस से लेकर अधिकारियों के वाहन जाम में फसते है.**

यातायात थाने में वर्षो से थाना प्रभारी सहित सुबेदार जमे हुए है जब तक इनको हटाया नही जाएगा तब तक यातायात व्यवस्था पटरी पर नही लौटेगी. पिछले एक साल से बगैर डीएसपी के शहर यातायात थाना चल रहा है. लिहाजा यहा सबकी मनमानी चल रही है. रात 10 बजे से शहर के अंदर भारी वाहन प्रवेश करने लगते है जबकि रात 11 बजे के बाद शहर में प्रवेश करने की अनुमति है. शहर की सड़को और चौराहो पर यातायात पुलिस नजर नही आती है. सुबेदार और थाना प्रभारी गाड़ियों में बैठ कर फर्राटा करते रहते है और जाम में लोग फसे रहते है. अमहिया मार्ग एवं धोबिया टंकी मार्ग में अक्सर अस्पताल आने वाली एम्बुलेंस जाम में फसती है. बीती शाम संजय गांधी अस्पताल के पास एम्बुलेंस जाम में फसी रही. वरिष्ठ अधिकारियों का भी ध्यान शहर में लगने वाले जाम की ओर नही जा रहा है. रेवांचल ट्रेन के समय और रीवा नई दिल्ली के समय अक्सर जयस्तंभ, सिरमौर चौराहा एवं ढ़ेकहा तिराहे पर जाम लगता है. कई बार शाम को जाम के चलते यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है.

### कई वर्षों से जिले में जमे हैं सूबेदार

शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी जिनके हाथो में है वह पिछले पांच वर्ष से रीवा जिले में पदस्थ है. आज तक स्थानान्तरण जिले से बाहर नही हुआ. सुबेदार अखिलेश कुशवाहा, शुभम चतुर्वेदी, अंजली गुप्ता पिछले कई वर्ष से जिले में है और यातायात थाने में पदस्थ है. अभी शुभम चतुर्वेदी पुलिस लाइन चले गए है, बीच-बीच में सुबेदार पुलिस लाइन और यातायात थाने में पदस्थ होते रहते है. लेकिन एक ही जिले में कई वर्षो से जमे हुए है. यातायात व्यवस्था को लेकर जानकार का मानना है कि जब तक वर्षो से जमे सुबेदार शहर से नही हटाए जाएगें तब तक यातायात व्यवस्था ठीक नही हो सकती है.

### ई-रिक्शा और ऑटो के लिए कोई नियम नहीं

शहर के अंदर दौड़ने वाले ई-रिक्शा और आटो के लिये कोई नियम नही है न ही कोई रूट मार्ग निर्धारित है. जिस चालक की जहा मर्जी वही चलता रहता है. जाम का मुख्य कारण अब आटो रिक्शा बन चुके है. पूरी सड़क पर केवल आटो ही नजर आते है. पूर्व में यातायात पुलिस द्वारा आटो के लिये रूट निर्धारित किया गया था और बकायदे आटो के पीछे नम्बर भी अंकित किये गये थे. यह प्रयोग कुछ दिन तक चला उसके बाद व्यवस्था फिर पुराने ढर्रे पर आ गई है. न तो कोई रोकने वाला है और न ही देखने वाला है. आटो के लिये रूट का निर्धारण होना चाहिये ताकि एक मार्ग पर भीड़ और दबाव न बढ़े.



# जीएमएच के पीछे जर्जर भवन गिराने का काम बगैर टेंडर के दे दिया चहेते ठेकेदार को


**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 नवम्बर, रीवा में सरकारी जर्जर भवनो को गिराने का खेल लम्बे समय से चल रहा है. गांधी मेमोरियल अस्पताल के पीछे जर्जर वार्ड और नर्सिंग कालेज के जर्जर भवन को गिराया जा रहा है.**

बगैर टेंडर और मूल्यांकन कराए ठेकेदार को भवन गिराने का आदेश दे दिया गया है. जिससे शासन को मिलने वाली राशि का नुकसान हो रहा है और ठेकेदार भवन को गिराने के साथ मटेरियल बेच रहा है. अब सवाल यह उठता है कि आखिर एनआईटी और मूल्यांकन की प्रक्रिया क्यो नही पूरी की गई. पिछले कई दिनो से ठेकेदार इस्तयाक द्वारा भवन को गिराया जा रहा है. केवल एक ही चहेते ठेकेदार को शहर के अंदर भवन गिराने का काम अधिकारियों के इशारे पर मिलता है. जानकार सूत्र बताते है कि भवन को गिराने के पहले उसका मूल्यांकन, मूल्य निर्धारण होता है और उसके बाद टेंडर की प्रक्रिया की जाती है लेकिन ऐसा कुछ नही किया गया है. एक तरह से शासन की राशि का नुकसान है. टेंडर की प्रक्रिया आखिर क्यो नही की जा रही है, एक ही ठेकेदार इस्तयाक पर अधिकारी क्यो मेहरबान है. आर्थिक अनियमितता का यह मामला है. उधर एमपीबीडीसी के डीजीएम अजय ठाकुर का कहना है कि नया भवन निर्माण में बाधा न हो इसके लिये एक वार्ड और कुछ हिस्सा नर्सिंग कालेज का गिराया जा रहा है. इसका मूल्यांकन कराया गया है और राशि भी शासन के खाते में जमा कराई जा रही है, हो सकती है राशि जमा हो गई होगी. अन्य भवनो के एनआईटी की प्रक्रिया चल रही है. नियम प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है.

## संक्षिप्त

### प्रकाशोत्सव पर्व में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री



**रीवा**. श्री गुरूनानक देव जी के 556वें प्रकाशोत्सव के पावन अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अमृतबेला रानीतालाब गुरूद्वारा में सहभागिता की. उन्होंने कहा कि सद्गुरू नानदेव जी के उपदेश मानवता, सत्य, सेवा और समानता के शाश्वत संदेश हैं. उन्होंने कहा कि प्रकाशोत्सव जैसे प्रेरणादायी आयोजन समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का भाव जागते हैं. उन्होंने गुरूद्वारा में माथा टेककर आशिर्वाद लिया.

### उप मुख्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा**. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 7 नवम्बर को सुबह 11 बजे वन्दे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे. यह कार्यक्रम पद्मधर पार्क में आयोजित होगा. उप मुख्यमंत्री सुबह 11.30 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में भगवत गीता में जीवन बोध कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. तदुपरांत दोपहर 12.30 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के शंभूनाथ शुक्ल सभागार में विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर 2.30 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे.

### बीएलओ निलंबित

**मऊगंज**. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने मतदान केन्द्र क्रमांक 185 मुदरिया चौबान में पदस्थ बीएलओ शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुदरिया चौबान रमेश साकेत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. उल्लेखनीय है कि बीएलओ निर्वाचन संबंधी कार्य में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं हुए थे. निर्वाचन कार्य में बरती गई लापरवाही व अनुशासनहीनता के कारण बीएलओ को निलंबित कर निलंबन अवधि में मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय मऊगंज नियत किया गया है.

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक कल

**रीवा**. प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला शाखा रीवा की बैठक संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में 8 नवम्बर को आयोजित की गई है. बैठक में 17 दिसम्बर 2025 को धूमधाम से पेंशनर्स दिवस मनाये जाने की तैयारी हेतु विचर विमर्स किया जावेगा. साथ ही पेंशनरों से संबंधित अन्य मुद्दे भी रखे जावेंगे. बैठक में पेंशनर्स साथियों से उपस्थित होने की अपील की गई है.

### शहर के अलग-अलग वार्डों में लगाया गया शिविर

**रीवा**. रीवा नगर निगम जोन 1 अंतर्गत बकिया कालोनी धिरमा नाला के पास, जोन 2 अंतर्गत सत्यम एकेडमी रीवा, जोन 3 जनता कॉलेज रोड लाइफ केयर हास्पिटल के पास एवं जोन 4 हेतु कृष्णा डेयरी के पास चिरहुला मंदिर के पीछे रीवा में शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान कालोनी वैधीकरण की विकास शुल्क 180297 रू. जमा कराया गया. विदित है कि निगम क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016 के पूर्व अस्तित्व में आई अवैध कालोनी का शासन के नियमानुसार वैधीकरण हेतु लगातार विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस क्रम में 07 नवम्बर को जोन 2 अंतर्गत बद्री प्रसाद कॉलोनी, रामाश्रय कॉलोनी वार्ड 9 हेतु लॉ कॉलेज के पीछे कैलाशपुरी में, जोन 3 अंतर्गत राजबहोर कॉलोनी, प्रेमवती कॉलोनी राजस्व ग्राम अनंतपुर हेतु जनता कॉलेज रोड लाइफ केयर हास्पिटल के पास शिविर का आयोजन किया जावेगा. नगर निगम द्वारा शहरवासियों से अपील की गई है कि शिविर में पहुँचकर लाभ अवश्य उठायें.

### नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन शिविर आज त्योंथर में

**रीवा**. जिले के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के तहत अब लीवर संबंधी बीमारियों की नि:शुल्क जाँच की सुविधा उनके घर के करीब उपलब्ध होगी. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की विशेष पहल तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में जिले भर में चार दिवसीय नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन शिविर का आयोजन किया जा रहा है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में आयोजित किए जा रहे हैं. इन शिविरों के माध्यम से आम जनता को लीवर की कठोरता और वसा की मात्रा की जाँच की अत्याधुनिक सुविधा नि:शुल्क मिल सकेगी। 7 नवंबर को सीएचसी त्योंथर में त्योंथर और जवा ब्लॉक के नागरिक इसका लाभ उठा सकेंगे. सीएमएचओ ने सभी संबंधित विकासखंडों के नागरिकों से अपील की है कि वे लीवर स्वास्थ्य की इस महत्वपूर्ण नि:शुल्क जाँच सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं. इस पहल के तहत प्रत्येक संबंधित विकासखंड को जाँच के लिए न्यूनतम 25 व्यक्तियों को और अर्बन रीवा क्षेत्र से जिला अस्पताल में न्यूनतम 100 व्यक्तियों को सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया है.

# तीर्थदर्शन ट्रेन 23 को जाएगी रामेश्वरम और मदुरई

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 नवम्बर, शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है.**

इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 23 नवम्बर को रामेश्वरम और मदुरई की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है. इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 23 नवम्बर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी. यह ट्रेन 29 नवम्बर को वापस लौटेगी. इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ सतना के 200, सीधी 179 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी.

तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ जाएंगे. आवेदक बुजुर्ग को आयकर दाता नहीं होना चाहिए. पात्र बुजुर्ग अपनी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय अथवा नगरीय निकाय में 9 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं.

निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से तीर्थयात्रियों का चयन किया जाएगा. यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की सुविधा दी जाएगी.



# गेरुहाई फायरिंग रेंज में प्रशिक्षु आरक्षकों की फायरिंग परीक्षा शुरू

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 नवम्बर, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में ,पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में 93वां नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के प्रशिक्षणार्थियों की आंतरिक प्रशिक्षण में सभी 6 विषयों की कक्षाएं ऑडियो विजुअल तरीके से संपादित कराई गई.**

इसके साथ ही उन्हें व्यवहारिक ज्ञान देने के लिए टोली नंबर 15 एवं 16 के 56 प्रशिक्षु नवआरक्षकों को एडीपीओ मनीष पांडे व उनके मैटर्स निरीक्षक नागेंद्र यादव तथा आर के वर्मा के द्वारा रीवा जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों जैसे थाने एवं न्यायालय आदि कार्यालयों का प्रशिक्षण भ्रमण कराया गया. इसके साथ ही बुनियादी प्रशिक्षण के प्रथम सेमेस्टर की बाह्यय परीक्षाओं के तहत आज दिनांक से नव आरक्षकों की फायरिंग परीक्षा की औपचारिक शुरुआत हुई. रीवा जिले की सेमरिया के गेरुहाई फायरिंग रेंज में प्रथम पांच टोलियों के 150 प्रशिक्षु नवआरक्षकों की फायरिंग परीक्षा उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में शुरू हुई है. फायरिंग परीक्षा में निरीक्षक विनोद कुमार सिंह व सीडीआई उप निरीक्षक महेंद्र सिंह बघेल तथा उनकी टीम का प्रमुख योगदान रहा है. प्रशिक्षु नव आरक्षकों को विभिन्न प्रकार के हथियारों से फायरिंग की परीक्षा पास करनी पड़ेगी, जिसमें 303 राइफल व एसएलआर प्रमुख है.



जिलाध्यक्ष बनने पर अनूप को बधाई देते पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता

# राष्ट्रीय वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आज होगा सामूहिक गान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 नवम्बर, राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ देश भर में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक समारोह पूर्वक आयोजित की जायेगी.**

इस अवधि में वर्ष भर कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा. वन्दे मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम चरण में 7 नवंबर से 14 नवंबर तक वन्दे मातरम गायन को भव्य स्वरूप देने के लिए पुलिस बैंड, स्कूल, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी. 7 नवम्बर को जिला, तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालय में वन्दे मातरम का संपूर्ण गायन किया जायेगा. तदुपरांत नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा. इसी क्रम में 8 नवंबर को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वन्दे मातरम का गायन ग्राम स्तर तक होगा. जबकि 10 नवम्बर को नगरीय क्षेत्रों में गान होगा.

# यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष बने अनूप सिंह चंदेल, एनएसयूआई ने की आतिशबाजी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 नवम्बर, यूथ कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव के बाद नामो की घोषणा कर दी गई है. यूथ कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल निर्वाचित हुए है. शानदार वोटो से जीत दर्ज की.**



रीवा जिले से इस बार यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिये चार उम्मीदवार मैदान में थे. लेकिन अनूप ने सबको पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की. बतादें कि वर्ष 2010 से छात्र राजनीति से अनूप सक्रिय है और एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष भी रहे है. छात्र हितो के मुद्दो को लेकर हमेशा आवाज उठाते रहे है और युवको के बीच उनकी अच्छी पकड़ है. यही वजह है कि युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने है. जिलाध्यक्ष अनूप चंदेल ने कहा कि युवाओं के हित में सदैव लड़ाई लड़ते रहेगें और पार्टी ने जो जिम्मेदारी उस पर खरा उतरने की कोशिश करेगे. युवाओं के साथ अन्याय और उनका शोषण बर्दास्त नही किया जायेगा. जीत की खुशी पर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव रवि सुमित सिंह के नेतृत्व में शिल्पी प्लाजा के पास आतिशबाजी कर खुशी व्यक्ति की गई और एक दूसरे को बधाई दी. इस दौरान एन.एस.यू.आई. जिला उपाध्यक्ष द्वय अभिराज बौद्ध, मानवेन्द्र सिंह, रामकृष्णधर द्विवेदी, जिला महासचिव पुष्पेन्द्र पटेल, अंकित सिंह, हिमांशू शुक्ला, राकेश पटेल, सौरभ मिश्रा, कुंदन साकेत, निखिल साकेत, सक्षम सिंह, कीर्तिदेव सिंह, मो0 शफीक, मो0 कैफ, अश्वनी सिंह, विपिन सेन, अजय शुक्ला, राज सोनी, गोलू रावत, रवि रावत मौजूद रहे.

# मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाने गांवों में लगाए जाएंगे शिविर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 नवम्बर, जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है.**



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्राप्त गणना पत्रक का विवरण ईसीआईनेट में दर्ज कराएं. बीएलओ दो प्रतियों में प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक प्रदान करेंगे. गणना पत्रक के वितरण की जानकारी भी बीएलओ ऐप के माध्यम से अपडेट कराएं. बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक दें. जिस मतदाता के पास 2003 में मतदाता सूची में दर्ज विवरण उपलब्ध है उसकी जानकारी मौके पर ही बीएलओ ऐप से अपडेट कराकर तथा गणना पत्रक में हस्ताक्षर कराकर संकलित करा लें. गणना पत्रक वितरण के बाद सभी एसडीएम, नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गांव में शिविर लगाएं. इन शिविरों में बीएलओ गणना पत्रक मतदाता से भरवाएं. साथ ही बीएलओ गणना पत्रक की जानकारी ऐप के माध्यम से प्रतिदिन अपडेट करें. बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने कहा कि जिले में 1496 बीएलओ गहन पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं.

# क्षति हुई फसल का निरीक्षण दल खेतों में कर रहा सर्वे

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 नवम्बर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने विगत दिनों जिले में हुई असामयिक वर्षा से फसलों की अनुमनित क्षति का खेतों में जाकर सर्वे करने के निर्देश दिये थे.**

कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के संयुक्त दलों द्वारा खेतों में जाकर फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है. तहसील मनगवां अन्तर्गत पटवारी हल्का कैथा के ग्राम अकालसी, देवगांव, मिसिरगवां, दुअरा-40, रनगढ़, मेथौरी, डिहिया, कछगवां, पटेहरा सहित अन्य तहसीलों में भी निरीक्षण दलों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावित किसानों की उपस्थिति में फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है.

कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि फसल क्षति का आकलन कर रिर्पोट समयावधि में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावितों को मदद मिल सके.




# ढाबे के अंदर पानी के जार में छिपाकर रखी थी अवैध नशीली कफ सिरप

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 नवम्बर, आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत जिले भर में अवैध नशीली कफ सिरप के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है.**

चोरहटा पुलिस ने किटवरिया बाईपास के पास स्थित कालिका होटल में दबिश देकर नशीली कफ सिरप जप्त की है. ढ़ाबे के अंदर पानी के जार में छिपाकर नशीली कफ सिरप रखी गई थी. आरोपी ढ़ाबा संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है. चोरहटा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर कार्यवाही की है. थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बतायाकि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम किटवरिया बाईपास रोड कालिका होटल का संचालक श्रवण कुमार शुक्ला उर्फ रिंकू अपने ढाबे से अवैध नशीली कफ सिरफ (कोरेक्स) का विक्रय कर रहा है. सूचना पर कालिका ढाबा किटवरिया बाईपास रोड पहुचकर ढाबे की तलाशी ली गई तो ढाबे के अन्दर वाले कमरे में पानी के जार में नशीली कफ सिरप कुल 58 नग भरी शीशी मिली. जिसे जप्त कर आरोपी श्रवण कुमार शुक्ला उर्फ रिंकू पिता नेत्रनारायण शुक्ला उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम अमवा थाना चोरहटा हाल संचालक कालिका ढाबा किटवरिया बाईपास रोड थाना चोरहटा को मौके पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में लगातार मुखबिर तंत्र को मजबूत कर कार्यवाही की जा रही है.